तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 होम वोटिंग कराने वाले मतदान दल माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण




## कोरिया-एमसीबी में विधि विधान से हुई पूजा-अर्चना, अखंड रामायण के साथ लड्डुओं का चढ़ा महाभोग

# राम दूत अतुलित बल धामा, अंजनि पुत्र पवनसुत नामा..

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित कोरिया-एमसीबी जिले में भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कुछ मंदिरों में तो एक दिन पूर्व से ही अखंड रामायण, सुंदरकांड का पाठ शुरू कर दिया गया था। वहीं कई मंदिरों में जयंती के दिन श्री हनुमान मंदिर परिसर में रामायण कीर्तन का आयोजन किया गया।



इस दिन सुबह से ही हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा के साथ दिन मंगलवार रहने के कारण इस दिन का विशेष महत्व बढ़ गया, इसके कारण हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह होने के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। शहर के बाजारपारा स्थित पुराने हनुमार मंदिर में एक दिन पूर्व से ही अखंड रामायण पाठ का आयोजन श्री-श्री हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में शुरू हो गया था, जिसका समापन जयंती के दिन सुबह 7 बजे हो गया, इसके बाद मंदिर में विशेष रूप से पूजा-अर्चना शुरू हुई। इस दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर





### पटना में लोस प्रत्याशी सरोज ने टेका मत्था

मंगलवार को पटना स्थित हनुमान मंदिर में कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय ने मत्था टेका।



उन्होंने श्री बजरंग बली की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। साथ ही मंदिर प्रांगण में आयोजित हनुमान चालीसा एवं भजन में शामिल हुईं। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पटना हनुमान मंदिर में भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय हनुमान जी का दर्शन कर पूजा -अर्चना की । इस अवसर पर छग के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल , विधायक भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष केबी जायसवाल, लक्ष्मण राजवाड़े, विनोद साहू, जवाहरलाल गुप्ता, रविशंकर शर्मा ,मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, जिपं सदस्य सुनिता कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने जलियाडाड़ हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही उनके साथ हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दीपू महाराज भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भक्तजनों को भंडारा भी कराया गया।



### जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, मंदिर में फूलों से सजाई गई मनोहारी झांकी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय समेत आस-पास के इलाकों में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर निकटवर्ती ग्राम सिरौली में भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। वार्ड नंबर 12 स्थित श्री हनुमान मंदिर में आकर्षक सजावट कर हनुमान जी की फूलों से मनोहारी झाँकी सजाई गई।

शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं जिला मुख्यालय सहित जिलेभर के अलग-अलग हिस्सों में सुंदरकांड पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भव्य सजावट की गई। शहर में कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई तो मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। शहर में कई जगह भंडारे भी लगाए गए। मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान धाम में लड्डु बनाकर भोग लगाया गया, इसके साथ ही यहां हनुमानजी को विशेष चोला चढ़ाया गया। नदी पार श्री विजय हनुमान टेकरी मंदिर में हनुमान जी की पूजा की गई। इसके अलावा शहर के सभी मंदिर में विराजमान हनुमान जी को नया चोला चढ़ाया गया, इसके बाद बेसन और बूंदी के लड्डु का भोग लगाया गया। वहीं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर हनुमान मंदिर के पुजारी चंदन महाराज की अगुवाई में पूजा-अर्चना कर कीर्तन-भजन किए गए। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर झांकी निकाली गई। मंदिरों और घरों में सुंदरकांड पाठ किया गया।



### शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन

जिले में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ शहर में चारों ओर जय श्रीराम, जय हनुमान के उद्घोष गूंजते रहे। जगह-जगह हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। रेलवे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, हनुमान टेकरी मंदिर, सिरौली स्थित हनुमान मंदिर, राष्टीय राजमार्ग में सिद्धबाबा घाट में स्थित मंदिर में भगवान हनुमान जी के भव्य श्रृंगार के साथ ही भोग लगाया गया। विदित हो कि 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरे शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पंडितों की देखरेख में श्रद्धालुओं ने हवन-कुंड में आहुतियां डाली। मनेन्द्रगढ़ शहर के वार्ड नंबर 12 सीएमओ बंगला के सामने स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में भी विगत कई वर्षों की भाँति इस वर्ष भी मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा -अर्चना और हवन के बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के लेकर हनुमान मित्र मंडली द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। सुबह सबसे पहले महाबली हनुमान की प्रतिमा को भव्यता के साथ सजाया गया। हवन के बाद भगवान हनुमान जी को भोग लगाकर भंडारा शुरू किया गया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी के साथ ही रायता का वितरण किया गया। देर शाम तक लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हनुमान मित्र मंडली के सौरभ गुप्ता, दिनेश द्विवेदी, अमित भोजवानी, शंकर रोचलानी, विनीत जायसवाल, कृष्णा वस्त्रकार, विजय पाठक, रामचंद्र जोशी, पंकजकांत दुबे सहित काफी संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा



**पटना।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में दो दिनों तक लगातार पूजा-अर्चना की गई। तीसरे दिन मंगलवार को धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पूरा नगर जय श्रीराम के जयकारे से गूंजता रहा। वहीं यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बल तैनात रही। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पटना के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान सेवा समिति ने तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया। मंगलवार की सुबह 5:30 बजे से मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। 10 बजे से मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा इमली चौक, बस स्टैंड, नेशनल हाइवे क्रमांक 43 सड़क, आदर्श चौक, बाजार पारा व पाण्डवपारा सड़क होते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन किया।

## खबर संक्षेप

### ढाबा के पास सड़क किनारे में मिला शव

**पटना।** क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर जांच, पंचनामा व पीएम के बाद पुलिस ने दफना दिया। पटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रनई व तेंदुआ के बीच संचालित शिवानी ढाबा नेशनल हाइवे क्रमांक 43 सड़क किनारे मंगलवार की सुबह 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस द्वारा विवेचना में लेकर जांच, पंचनामा तैयार कर शव का पीएम करने के बाद गोबरी डैम के पास दफनाया। अंतिम संस्कार करने वाले पुलिस कर्मियों में प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी, आरक्षक संतोष गौतम शामिल रहे।

### मतदान केन्द्र में मिलेगी सभी सुविधाएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिलेभर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं का जागरूक किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में एलडीएम संजीव पाटिल ने पूरे जिले के बैंक खाता धारकों को अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करने की अपील की। इनके माध्यम से मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ के बैंक ऑफ इंडिया, कैनेरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सीस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक सहित छग राज्य ग्रामीण बैंक जनकपुर, कोटाडोल, कंजिया, सीटी बैंक जनकपुर अन्य बैंक में भी खाता धारकों को मतदान करने कहा गया। इसके साथ ही बैनर और पोस्टर लगावाकर खाता धारकों को प्रेरित भी किया गया। बैंक कर्मियों ने इस दौरान खाता धारकों को बताया कि आप मतदान करने की करें तैयारी, मतदान केन्द्र में मिलेगी सुविधाएं सारी, जैसे वालिंटियर्स, बाथरूम, छाया और पानी, व्हील चेयर तथा रैम्प की व्यवस्था, ब्रेल लिपि की जानकारी, मेडिकल किट, वेटिंग हॉल सभी तरह की सुविधाएं मतदान केन्द्र में उपलब्ध रहेगी।

### संपूर्ण ननि क्षेत्र रहेगा आज नो फ्लाइंग जोन

**अम्बिकापुर।** पीएम मोदी की 24 अप्रैल को होने वाली आम सभा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पीएम की सुरक्षा दृष्टि से 24 अप्रैल को पूरे नगर निगम क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के सरगुजा प्रवास के दौरान विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भोस्कर विलास सरगुजा ने बताया कि एसपी विजय अग्रवाल द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री प्रवास को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण नहीं रखा गया, तो लोक शांति एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। अतएव पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामिली एवं सुने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया जा रहा है। कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पहलुओं एवं तथ्यों पर विचारोपरांत धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री के यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से दिनांक 24 अप्रैल को अम्बिकापुर ननि के क्षेत्र को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया जाता है, और यूएवी, ड्रोन, गुब्बारे सहित किसी भी प्रकार के विमान उपकरणों की उड़ान पर रोक लगाई जाती है। निगम क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षात्मक दृष्टि से 24 अप्रैल को ड्रोन, गुब्बारे सहित किसी भी रूप में हवाई फोटोग्राफी-विडियोग्राफी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाता है। इस आदेश का कोई भी उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 एवं कानून के तहत कानूनी कार्यवाही द्वारा दण्डनीय होगा। यह आदेश 24 अप्रैल को सम्पूर्ण अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में लागू रहेगा।

## बेचने के लिए गांजा ले जा रहा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिले के चिरमिरी थानांतर्गत बिना नंबर की स्कूटी में गांजा बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 3 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है, साथ ही परिवहन में उपयोग किए गए स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया है। गांजा और स्कूटी की कुल कीमत लगभग 1 लाख रूपए ऑकी गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के द्वारा क्षेत्र में संचालित नशे के कारोबार, कारोबारियों और अवैध धंधे में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर अवैध कार्यो पर पूर्ण अंकुश लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान थाना चिरमिरी को मुखबीर से सूचना मिली कि गेल्हापानी निवासी संतोष पटेल उर्फ मुनवा बैकुंठपुर की ओर से लक्ष्मण झरिया जंगल मेन रोड होते हुए अपने स्कूटी में गांजा लेकर गेल्हापानी की ओर आ रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त गांजा।

सूचना पर थाना प्रभारी चिरमिरी द्वारा पुलिस टीम गठित कर मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी किया गया, जहां एक व्यक्ति स्कूटी में आते हुआ मिला, जिसे रोककर उसका नाम-पता पूछा गय तो, उसने अपना नाम संतोष पटेल उर्फ मुनवा पिता स्व. बंधन पटेल जाति कुर्मी उम्र 44 वर्ष निवासी गेल्हापानी घोड़ा दफाई गेल्हापानी चिरमिरी का रहने वाला बताया।

आरोपी के पास से 3 पैकेट में मादक पदार्थ गांजा प्रत्येक पैकेट 1-1 किलो का कुल 3 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 30000 रूपए और घटना में प्रयुक्त टीव्हीएस जुपीटर स्कूटी बिना नंबर कीमत लगभग 70000 रूपए कुल कीमत लगभग 1 लाख रूपए जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चिरमिरी निरीक्षक अमित कौशिक, सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक संजय पाण्डेय, विश्वनाथ सिंह, सुरेश गौड़, आरक्षक अम्बुज सिंह, अमित गुप्ता, शाहिद और अमित की सराहनीय भूमिका रही।

थाना प्रभारी चिरमिरी निरीक्षक अमित कौशिक ने आश्वस्त किया है कि थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार और कारोबारियों पर सतत निगाह रखी जा रही है। उनके विरुद्ध निरंतर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और अवैध कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### खाद्य सामग्री में भ्रामक स्टीकर लगाकर बेचा

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अरुण कुमार मरकाम ने वर्ष 2020 के प्रकरण पर तीन आरोपियों को पांच-पांच हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है। मिली जानकारी के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन कोरिया ने वर्ष 2020 में नरेन्द्र कुमार कोठारी वितरक थोक विक्रेता नरेन्द्र फार्मा, कोठारी भवन कृष्णा नगर रायपुर तथा रजनीकांत गुप्ता विनिमार्ता मेसर्स गुप्ता हनी प्रोसेसर, मेन रोड वार्ड नंबर 44, पुराना दाउदपुर फाटक, अलवर राजस्थान के खिलाफ 250 ग्राम के पैकेड में बी हनी में 100 प्रतिशत नेचुरल एवं प्योर लिखा गया था। इस तरह भ्रामक स्टीकर लगाकर खाद्य सामग्री विक्रय करने पर कार्रवाई शुरू की थी। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत धारा 26 (2) (पप) 27 (3) (ग), 27 (2)(ग), 27 (1) का अभियुक्तगणों द्वारा उल्लंघन किए जाने के कारण अधिनियम की धारा 52 (1) अंतर्गत शास्ति जुमार्ने/अर्थदंड से दंडित किए जाने के लिए अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले में धारा 26 (2) (पप), 27 (3) (ग) के तहत कार्रवाई की गई। इस अधिनियम की धारा 52 (1) अंतर्गत अभियुक्तगण जुर्माने या अर्थदंड से दंडित किए गए। इन्हें आगामी 15 दिवस के भीतर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कोरिया के खाते में जमा करना होगा।

## कोरिया-एमसीबी में आदतन अपराधियों का जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

शहर ओड़गी नाका निवासी मनोज कुमार राजवाड़े आत्मज इनेश्वर प्रसाद राजवाड़े निवासी थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया के विरुद्ध छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के तहत अपराधिक प्रकरण वार जरायम पुलिस अधीक्षक जिला कोरिया से दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर प्रारंभ किया गया।

न्यायालय जिला दंडाधिकारी कोरिया बैकुंठपुर को 22 अप्रैल को हुए आदेशानुसार मनोज कुमार राजवाड़े वर्ष 2011 से लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर मोहल्ले में घुमना, फिरना एवं आतंक मचाना, चोरी, नकबजनी कर अपराध घटित करते चला आ रहा है। ऐसी स्थिति में जन सुरक्षा बनाएं रखने के लिए उसके विरूद्ध छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के अंतर्गत जिला बदर की कार्रवाई की गई है। बैकुंठपुर जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह ने छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोज राजवाड़े आत्मज इनेश्वर प्रसाद राजवाड़े निवासी ओड़गी नाका, थाना बैकुंठपुर को 6 माह की अवधि के लिए कोरिया जिला एवं सीमावर्ती जिलों सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला, मरवाही, सीधी, सिंगरौली की सीमाओं से निष्कासित जिला बदर किया है।

### अपराधी के विरूद्ध जिला बदर आदेश

आदतन अपराधी अनिल कुमार साहू आत्मज शिवबहोरन उम्र 30 वर्ष ग्राम बरमपुर, थाना खड़गवां जिला एमसीबी को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी.राहुल वेंकट ने 12 माह 1 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर आदेश जारी किया है। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत इस न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 07/2023 में पारित आदेश के अनुसार यह आदेश दिया जाता है कि 25 अप्रैल को प्रातः 10 से जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिले के क्षेत्र में 25 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 2025 तक कुल 12 माह 1 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इसी तरह आदतन अपराधी लक्की मिश्रा आत्मज संजय मिश्रा उम्र 26 वर्ष ग्राम सेमरा, थाना पोंड़ी, जिला एमसीबी को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी.राहुल वेंकट ने 2 माह 3 दिन की अवधि के लिए जिला बदर आदेश जारी किया है। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा (क) (ख) के तहत इस न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 10/2023 में पारित आदेश के अनुसार आपको यह आदेश दिया जाता है कि 12 अप्रैल को प्रातः 10 से जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिले के क्षेत्र में 12 अप्रैल से 15 जून तक कुल 2 माह 3 दिन की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का पालन किया जाए, पालन न करने पर आपके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 7 मई को सुबह 7 से 6 बजे तक होगा मतदान

## कोरबा संसदीय निर्वाचन में 27 अभ्यर्थी हैं मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ जिले के दो लाख से अधिक मतदाता लेंगे भाग

तृतीय चरण में होने वाले लोकसभा निर्वाचन की तिथि 7 मई को है, इसके लिए पहले लगातार जिला निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव को लेकर बैठक, प्रशिक्षण, दिशा-निर्देश,डाक मतत्रप, ड्यूटी चार्ट, रूट चार्ट, वाहन व्यवस्था जैसे कार्यों में अधिकारी-कर्मचारी पूरी तैयारियों में जुटे हैं।

कोरबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा 2024 के लिए 27 उम्मीदवार मैदान में है। रिटर्निंग अधिकारी, लोकसभा निर्वाचन, कोरबा से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत इंडियन नेशनल कांग्रेस, दूजराम बौद्ध बहुजन समाज पार्टी,



सरोज पाण्डेय भारतीय जनता पार्टी, कमल देव भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, प्रशांत डेनियल सर्व आदि दल, प्रियंका पटेल रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (ए), रेखा तिवारी छग गंगा राष्टीय पार्टी, श्याम सिंह मरकाम गोंडवाना गणतंत्र पाटी, सुशील कुमार विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, अमरीका करपे निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर निर्दलीय, राजगुरू केवल गोस्वामी निर्दलीय, कौशल्या बाई पोर्ते निर्दलीय, जयचंद्र सोनपाकर निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय, पालन सिंह निर्दलीय, पुरूषोत्तम मानिकपुरी निर्दलीय, प्रताप भानू निर्दलीय, महेन्द्र कुमार श्रीवास (मंजू)निर्दलीय, रमेश दास महंत निर्दलीय, राजेश पाण्डेय निर्दलीय, शांति बाई मारावी निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय, शेख रउफ निर्दलीय, शोबरन सिंह सैमा निर्दलीय तथा संतोष शर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र जमा किए हैं। कोरिया जिले से एक अभ्यर्थी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र जमा किया है।

विदित हो कि इस बार बैकुंठपुर विखं में 228 तथा सोनहत आंशिक विखं में 78 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। बैकुंठपुर विकासखंड़ में 1 लाख 70 हजार 663 मतदाता हैं, तो सोनहत आंशिक विकासखंड़ में 36 हजार 552 मतदाता है। महिला-पुरुष मतदाताओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 5 अभ्यर्थियों के नामांकन हुए अस्वीकृत

विदित हो कि राष्टीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य राजनैतिक दलों से तीन प्रत्याशी हैं, वहीं पंजीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों की संख्या 6 है, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 18 है। इन अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दी गई है, वहीं नामांकन पत्र की संवीक्षा उपरांत पांच अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र निरस्त किए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत हुए हैं, इनमें रीतेश्वरी गढ़वाल, मो. सागीर अंसारी, चरणदास महंत, संतोष खुंटे तथा वेदलाल धनवार है। इन अभ्यर्थियों द्वारा निक्षेप राशि जमा नहीं, 2-बी में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर नहीं प्रस्तावकों का नाम एवं हस्ताक्षर अप्राप्त, प्रारूप 26 अप्राप्त तथा नाम निर्देशन पत्र में प्रत्याशी के नाम सहित कई प्रविष्टियां काट दी गई है, इस वजह से नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया।



## पेड़ की छांव और आंगन में लग रही विधायक रेणुका की चौपाल

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्रीय विधायक श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा भरी दुपहरी में इस क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है। विधायक द्वारा भेंट मुलाकात और चौपाल कार्यक्रम किसी घर में नहीं बल्कि पेड़ की छांव और ग्रामीणों के आंगन में लगाई जा रही है।

बीते शनिवार को विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने सोनहत विकासखंड़ के दसेर, कछुआखोह, गोयनी, आनंदपुर, धनपुर, कुरथी और सलगांवखुर्द जैसे दूरस्थ और सुविधाविहीन क्षेत्रों का दौरा किया। यह ऐसे क्षेत्र हैं, जहां के निवासी आज भी विकास की बांट जोह रहे हैं। विधायक द्वारा लोगों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, आंगनबाड़ी संबंधी अनेक योजनाओं की जानकारी ली जा रही है।

▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस

**कोरबा।** नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) ने अपना 8 वां स्थापना दिवस मनाया। बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यहां मेरा पहली बार आना हुआ है, नाम तो सुना था लेकिन यहां आकर देखा तो विशाल भवन, विशाल खेल मैदान और सभी भवनों में अत्याधुनिक सुविधाएं देखकर लगा कि यह मेरी कल्पना से भी बेहतर है। बंजर जमीन में शिक्षा का मंदिर बनाना बड़ी बात है और आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बच्चों को कम फीस में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा देना मानवीय सेवा का सबसे बड़ा कर्म है। उन्होंने प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर -डि 3233 सी लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि मैं यहां कई बार आया हूं लेकिन जितने बार आया नया देखा। इसके अलावा दिग्गज लायन एमजेएफ लायन रिपुदमन केसरी (द्वितीय वाईस डि गवर्नर), लायन मोहन सिंह छाबड़ा, लायन डॉ. व्ही के अग्रवाल आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने की और कहा कि हमारा प्रयास इस विद्यालय को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बनाने का है और विशेषज्ञ अध्यापकों के कारण विद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है और कम फीस में अच्छी शिक्षा मिल रही है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों का रूझान विद्यालय की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय के बगल में गुरूकुल महाविद्यालय भी खुलने जा रहा है और क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा भी मिलने लगेगी। शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों एवं छत्तीसगढ़ी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जादूगर का मैजिक शो का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### स्काउट गाइड्स द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अपने घर-परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### सी-विजिल ऐप में आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

मई के महीने से संग्रहण होगा शुरु, विभाग ने शुरु की तैयारी

# कोरबा और कटघोरा में सारी समितियों के तेंदूपत्ता की पहली बार हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षों से खराब क्वालिटी के तेंदूपत्तों को ठेकेदार खरीदते नहीं थे और मजबूरन विभाग को पत्तों की तुड़ाई करानी पड़ती थी लेकिन इस साल ठेकेदारों ने दोनों वनमंडल के सारे समितियों के तेंदूपत्ते की खरीदी की है। अब इस साल विभाग को तेंदूपत्ता तोड़ाई के टेंशन नहीं लेना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के तेंदूपत्ते की बेहतर क्वालिटी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचने वाले तेंदूपत्ता के ठेकेदार हर वर्ष तेंदूपत्ता को हाथों-हाथ खरीदते हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर दोनों वनमंडल के 4 से 5 समिति जहां कमजोर क्वालिटी के तेंदूपत्ते होते थे जिसकी वजह से इस इलाके के तेंदूपत्ता को ठेकेदार ऑनलाइन नीलामी में नहीं खरीदते थे। मजबूरन पिछले कई वर्षों से कोरबा वनमंडल में उमरेली, सोहागपुर, चिकनीपाली तथा कटघोरा वनमंडल के हरदीबाजार, दीपका व आसपास क्षेत्र के कमजोर क्वालिटी के पत्तों की खरीदी नहीं होने पर विभाग द्वारा तेंदूपत्ते की तोड़ाई करानी पड़ती थी जिसके लिए विभाग को मशक्कत करनी पड़ती थी। इस वर्ष 2024 में कोरबा वनमंडल में 52 हजार 900 मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया जाना है। जिसके लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कोरबा वनमंडल के 34 समितियों के तेंदूपत्तों को ठेकेदारों ने पहली बार पूरी खरीदी की है। जबकि इसी तरह कटघोरा वनमंडल के 44 समितियों के तेंदूपत्ते को ठेकेदारों ने खरीद लिया है।


फाइल फोटो

### विमलता खरीदी गई है सबसे ऊंचे दर पर

कोरबा वनमंडल के 34 समिति में से 34 समिति के तेंदूपत्तों की खरीदी कर ली गई है। जिसमें से विमलता समिति को सबसे अधिक ऊंचे दर पर ठेकेदारों ने खरीदा है जिसे 10 हजार 719 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। इसी तरह गढ़ समिति को 10 हजार 389 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। लेमरु समिति को 10 हजार 309 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स राधा किशन ट्रेडिंग कंपनी द्वारा खरीदी की गई है। श्यांग समिति को 10 हजार 109 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। कटघोरा वनमंडल के 44 समिति में से 44 समिति की खरीदी हुई है। जिससे तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले आदिवासी परिवारों को इस साल अच्छी खासी कमाई होगी।

### कोरबा वनमंडल में कौन समिति कितने में बिकी

उमरेली समिति 4179 रुपए प्रति मानक बोरा, सोहागपुर समिति 2829 रुपए, चिकनीपाली 5369 रुपए , सेंद्रीपाली/नोनबिर्रा 6979 रुपए, बेहरचुवां 7399 रुपए, रामपुर 7799 रुपए, नोनदरहा/चारमार 7599 रुपए, बड़मार/करतला 8899 रुपए, कोटमेर 8669 रुपए, पुरैना 3357 रुपए, सरगबुंदिया/भैसमा 2829 रुपए, बुंदेली 7489 रुपए, कोई 8684 रुपए, चचिया 9099 रुपए, कुदमुरा 7519 रुपए, बरपाली 7776 रुपए, कोल्गा-अ 9449 रुपए, कोल्गा-ब 9499 रुपए, पसरखेत 9299 रुपए, बताती 9199 रुपए, रजगामार 8749, कोरबा 6930 रुपए, जामबहार 7900 रुपए, बेला 8394 रुपए, ठाकुरखेता 8394 रुपए, गिरारी 8415 रुपए, लबेद 7306 रुपए, गुरमा 8294 रुपए, चुईया 7619 रुपए, अजगरबहार/सतरेंगा को 7036 रुपए प्रति मानक बोरा में खरीदा गया है।

# शिव सेवा फाउंडेशन ने शुरु किया प्याऊ घर


प्याऊ का शुभारंभ करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिव फाउंडेशन द्वारा मेजर ध्यान चंद चौक में निःशुल्क हसदेव अमृत जल प्याऊ एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु शुद्ध पेय जल सिंटेक्स स्थापित की। समाज सेवी टीम शिव फाउंडेशन द्वारा विगत 3 वर्ष से ग्रीष्म ऋतु पर निःशुल्क प्याऊ चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शिव फाउंडेशन ने मेजर ध्यान चंद चौक में पानी की समस्या को देखते हुए, शुद्ध पेय जल हेतु सिंटेक्स की भी स्थापना की है। जिसका शुभारंभ निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद श्रीमती पुराई बाई कंवर सहित कमल पांडेय उपस्थित थे। कमल पांडेय के सौजन्य से रूमगरा चौक में सिंटेक्स का सौगात प्राप्त हुई। मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल ने कार्य की सराहना करते हुए, शिव फाउंडेशन के माध्यम से राहगीरों को शीतल जल सदैव प्राप्त हो इसके स्वयं से लिए वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। एवम विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल ने शिव फाउंडेशन के माध्यम से अपने माता पिता की स्मृति में शव सम्मान हेतु मरचूरी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम का मंच संचालन बजरंग बहादुर सोनी, अध्यक्षता अजय धीवर ने किया।

# 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग के जरिए करेंगे मतदान


बैठक लेते प्रेक्षक एवं उपस्थित कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव में जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग कराने के लिए जिले हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

सामान्य प्रेक्षक मीणा ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने की बात कही। कलेक्टर ने विभिन्न पपत्रों की उपयोगिता को समझ कर उन्हें भरने की पूरी जानकारी प्राप्त कर कुशलता पूर्वक होम वोटिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ एमएम जोशी ने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। जिले में होम वोटिंग हेतु कुल 132 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 30 अप्रैल एवं 1 मई को होम वोटिंग कराई जाएगी।

**खास बात**

- 132 मतदाता होम वोटिंग के लिए किए गए चयनित, 30 अप्रैल व 1 मई को डालेंगे वोट

# अलग-अलग हादसे में दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा-तुमान रोड पर घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम करमंदी निवासी सुनील पटेल 23 वर्ष पिता संतोष पटेल अपने परिवार के सदस्यों को छोड़ने के लिए अपने ससुराल तुमान गया हुआ था जहां से अपने बच्चों को छोड़कर वापस अपने गृहग्राम करमंदी लौट रहा था कि तिलकेजा-तुमान रोड पर पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक सवार सुनील पटेल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे सुनील पटेल को गंभीर चोट आई थी और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान सुनील पटेल की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात बोलेरो चालक की खोजबीन करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम सलोरा निवासी गुलशन कुमार 28 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ शादी समारोह में शामिल होने एनटीपीसी आया हुआ था। जहां रात लगभग 10 बजे शादी समारोह से शामिल होकर वापस दोनों अपने गृहग्राम सलोरा लौट रहे थे कि छुरी के आगे पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार गुलशन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को मामूली चोट आई है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कटघोरा थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले एक्सयूवी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**खास बात**

- कटघोरा और उरगा थाना क्षेत्र में हुई घटना

### श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, जा रहे थे मड़वारानी दर्शन के लिए

रायगढ़ जिले में निवास करने वाला एक परिवार के आधा दर्जन लोग ऑटो में सवार होकर दर्शन के लिए सोमवार की सुबह उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मां मड़वारानी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे कि ऑटो पहाड़ की खड़ी चढ़ाई होने की वजह से ऑटो अनियंत्रित हो गई और ऑटो पलट गई जिससे ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो में सवार लगभग आधा दर्जन लोगों को मामूली चोट आयी है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची थी जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि सभी श्रद्धालु रायगढ़ जिले के रहने वाले थे जहां सभी को मामूली चोट आयी है उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।



# व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी दर्री का किया आकस्मिक निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से जानकारी लेते प्रेक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वायड दल के जांच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी चंद्रकांत टिकारिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक राजीव पाण्डेय उपस्थित थे।

### ट्रक मालिक स्कूल बाउंड्रीवॉल के किनारे खड़ा कर रहे भारी वाहन



**कोरबा।** विकासनगर कुसमुंडा के बीकन स्कूल के गलियारे में मालिकों द्वारा भारी वाहनों को गलत तरीके से खड़ा कर रहे हैं। जिससे स्कूल के लिए परेशानियों का सबक बनता जा रहा है, जबकि कॉलोनी के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है। उसके बावजूद भी गैर मालिकों द्वारा मनमानी की जा रही हैं। जिसे एसईसीएल के विभाग अधिकारी को भी कोई सुध नहीं है, क्योंकि यह उनके ही क्षेत्र है और तो और सीसीएल के कर्मचारियों के ही कई बच्चे यहां पढ़ने आते हैं। जिस क्षेत्र मे भारी वाहन खड़ा किया गया है उस क्षेत्र से कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों के साथ अन्य स्थानों के भी स्कूल में बच्चे पढ़ने के लिए स्कूलों में आना होता है।

### तैलिक विकास समिति बालको ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती

**कोरबा।** तैलिक विकास समिति बालको नगर द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालको में तैलिक कुलभूषण, संत शिरोमणि दानवीर भामाशाह जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह के छायाचित्र में माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य लेखराम साहू को उनके सामाजिक दानशीलता के लिए श्रीफल व शाल भेंट कर दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। उपमहासचिव खोमलाल साहू ने समाज की एकता और अखंडता पर अपनी बात रखी। इस दौरान महासचिव डिकेश्वर साहू, उपकोषाध्यक्ष वोसंत साहू, महासचिव हिमानी साहू, कोषाध्यक्ष पूजा साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष शरद साहू, नोनीबाई साहू, कलेशराम साहू, सुदामा साहू , धरम साहू, गार्येद्र साहू,चिंताराम साहू, भूषण साहू, कविता साहू,सुचिता साहू, इंदु प्रभा साहू, पुष्पा साहू, परमेश्वरी साहू, खम्भन लाल साहू, पूर्णय साहू, साहिल, जान्हवी, सानवी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

सुबह से रुक-रुककर होती रही बूंदा-बांदी, चिलचिलाती धूप से तापमान पहुंच गया था 44 डिग्री सेल्सियस

# मौसम ने बदली करवट, 7 डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज गर्मी के बीच मंगलवार की सुबह आसमान में बादल छाने और रुक रुककर बारिश होने से दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। एक दिन पूर्व सोमवार को दिन का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम के करवट बदलते ही तापमान 7 डिग्री सेल्सियस नीचे आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिनभर सड़कों में चहल पहल रही जो एक दिन पूर्व सूनसान रहा करती थी।

तेज गर्मी के कारण जिले का तापमान बीते एक पखवाड़े से 40 डिग्री सेल्सियस के उपर चल रहा था। 42, 43 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचने पर लोग सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलना बंद कर दिए थे और दोपहर में चौक चौराहे और सड़कों में सन्नाटा पसर जा रहा था। कभी कभार जरुर काम होने की वजह से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे थे। वहीं दफ्तरों में अनवरत काम चलता रहा। किंतु गर्मी का असर दफ्तरों में भी नजर आया। हालांकि कर्मचारियों की उपस्थिति में कोई कमी नहीं दिखी। किंतु दो राजनीतिक सभाओं के दौरान गर्मी का असर जरुर नजर आया। दूर दराज से आये लोग दुकानों के छज्जे में धूप से बचने के लिए खड़े थे। 21 अप्रैल को तापमान अधिकतम 44 डिग्री एवं न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। एकाएक आधीरात बाद मौसम ने करवट बदली हवाएं चलने के कारण सुबह आसमान में बादल छा गए थे जो दिनभर छाए रहे। इस दौरान रुक रुककर हल्की बूंदा बांदी होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं रविवार की अपेक्षा सोमवार को चौक चौराहें और सड़कों में चहल पहल बनी रही। शाम 5 बजे के बाद शहर के कुछ स्थानों में बारिश हुई। देर शाम तक तापमान और नीचे जाने की संभावनाएं बनी हुई है।



दोपहर बाद शाम को हुई बूंदाबांदी से शहर भीगा।

### दो दिन रहेगा मौसम में बदलाव

मौसम में यह बदलाव आगामी दो दिन तक रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। देश के कुछ हिस्सों में बारिश होने का असर छग में भी दिखाई पड़ रहा है। उड़िसा राज्य की सीमा से लगे होने के कारण समुद्र से उठने होने वाली नम हवाओं के कारण मौसम में बदलाव आता है। वर्तमान में तीन दिन पूर्व ही उड़िसा में मौसम ने करवट बदली थी जिसका असर छग में भी दो दिनों तक बने रहने की संभावनाएं जताई जा रही है।

### निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संचालन हेतु दिया प्रशिक्षण

**कोरबा।** विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएम जोशी द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें।



# अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा बन कमाए 18 करोड़ रुपए

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी ने रिलीज से पहले ही शोर मचा दिया है। अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार चर्चा से हटने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को कल्कि 2898 एडी का टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया। इसके साथ ही फिल्म और अमिताभ बच्चन 24 घंटे बाद भी खबरों में बने हुए हैं। कल्कि 2898 एडी के इस कुछ सेकंड के टीजर में अमिताभ अलग- अलग लुक दिखाए गए। इनमें उनका डी-एज्ड लुक सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रहा है। कल्कि 2898 एडी की लागत के साथ- साथ स्टार कास्ट को भी मोटी फीस दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बी ने कल्कि 2898 एडी में अपने किरदार के लिए लगभग 18 करोड़ रुपए वसूले हैं।

## लाइफ Style



# मानुषी

## बड़े मियां... के लिए खाना पड़ा नॉन वेज

फिल्मों के लिए आपने एक्टर्स को अपने लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करते देखा होगा, लेकिन मानुषी छिल्लर ने तो कुछ ऐसा किया जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा। मानुषी जो हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मानुषी ने बताया कि वह बचपन से वेजीटेरियन थीं और कभी नहीं सोचा कि वह नॉन वेज खाएंगी, लेकिन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने उन्हें वेजिटेरियन से नॉनवेजिटेरियन बना दिया। मानुषी ने कहा, 'मैं हमेशा से वेजिटेरियन थी। मैंने हमेशा सोचा कि मैं कभी मीट नहीं खा पाऊंगी क्योंकि मैंने कभी खाया ही नहीं। इसके बाद आई बड़े मियां छोटे मियां। मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उस वक्त मुझे कोविड हो गया था।

मैं काफी डर गई थी कि क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वजन कम हो क्योंकि मुझे इस फिल्म के लिए स्ट्रॉन्ग बनना था। मेरे पापा जो डॉक्टर हैं उन्होंने फिर मुझे मीट खाने को बोला।' मानुषी ने कहा, 'मैंने पापा से कहा कि कुछ ऐसा बनाओ जो चिकन जैसा ना लगे। वह टेबल पर बैठते थे और मुझे देखते थे। वह जबरदस्ती मुझे पूरा खाने को बोलते थे।' मानुषी ने आगे बताया कि कैसे इस ट्रांसफॉर्मेशन ने उनकी मदद भी की शूटिंग में। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म की शूटिंग जोर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन और स्कॉटलैंड में शूटिंग की और कई जगह में तो वेजिटेरियन ऑप्शन भी नहीं था तो इस वजह से मीट मेरे लिए आसान सोर्स था प्रोटीन के लिए।'

## हॉलीवुड मसाला




# सिविल वॉर ने कमाए 92 करोड़

**लॉस एंजिलिस।** 12 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई डिस्टोपियन थ्रिलर 'सिविल वॉर' ने अमेरिकन बॉक्स ऑफिस पर बवाल मचा दिया है। फिल्म ने इसके बाद रिलीज हुईं नई फिल्मों को भी कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है, जिनमें हॉरर मूवी 'एबिगेल' भी शामिल है। कर्स्टन डंस्ट स्टारर फिल्म की रफ्तार पहले हफ्ते में कुछ धीमी रही थी, लेकिन दूसरे वीकेंड में फिल्म ने गति पकड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में सिविल वॉर नम्बर वन फिल्म बन गई है।



# 'मेट गोला' 2024 में हिस्सा नहीं लेंगी प्रियंका

**लॉस एंजिलिस।** ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह कभी निक के साथ, तो कभी बेटी मालती के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, कई बार वह अपनी आने वाली फिल्मों की अपडेट भी शेयर करती हैं। फिलहाल अब उनसे जुड़ी एक खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद उनके फैंस थोड़े निराश हो सकते हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म टाइगर के प्रमोशन के दौरान बताया कि इस साल वह सबसे बड़े फैशन कार्यक्रमों में से एक मेट गाला में नहीं शामिल होने वाली हैं। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई।



# बर्फीली वादियों के बीच कराया फोटोशूट

**मुंबई।** खूबसूरत अदाकारा श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो बर्फ से ढंकी वादियों के बीच फोटोज क्लिक करवाती नजर आ रहीं हैं। श्रद्धा कपूर इन तस्वीरों में बेहद सिंपल लुक में दिखाई दे रहीं हैं। इस तस्वीर में श्रद्धा कपूर बर्फ से ढंके पहाड़ों के बीच कुछ ऐसे पोज देती हुई दिखाई दीं, जिन पर फैंस दिल हार बैठे हैं। वहीं इस दूसरी तस्वीर में श्रद्धा कपूर बैग टांगे पहाड़ों की सैर के लिए जाती हुई दिखाई दे रहीं हैं। एनिमल लवर श्रद्धा कपूर एक डॉगी के साथ कुछ ऐसे प्यार जताती हुई नजर आईं। श्रद्धा कपूर ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया - किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापस ले जाए???। श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों पर उनके लाखों फैंस - ब्यूटीफुल लोकेशन, नेचर,परफेक्ट और इन तस्वीरों से प्यार हो गया जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# आज भी मम्मी से पिट जाते हैं विक्की

**मुंबई।** बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर विक्की कौशल फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऑफस्क्रीन कटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी जितनी पसंद की जाती है, फैमिली के साथ विक्की के बॉन्ड को भी उतना ही प्यार मिलता है। हाल ही में विक्की कौशल ने भाई सनी कौशल के साथ 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शिरकत की। इस शो में दोनों भाइयों ने कॉमेडी पर ठहाके लगा कर मस्ती करने के साथ ही एक दूसरे की पोल भी खोली। इसी के साथ विक्की कौशल ने मजाक-मजाक में अपने पेरेंट्स के बारे में बात की। 'सैम बहादुर' एक्टर विक्की कौशल ने कपिल के कुछ फनी सवालों का जवाब देने के साथ ही बताया कि वह अपनी मां से बहुत मार खा चुके हैं। विक्की के इतना कहते ही सनी बताते हैं कि वह आज भी मार खाते हैं।


## टीवी मसाला




# उसने मुझे रात को 3 बजे घर बुलाया और फिर...'

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 2' फेम और झलक दिखला जा 11 की विनर मनीषा रानी आज एक जाना माना नाम हैं। मनीषा बिग बॉस के बाद काफी सुर्खियों में आ गई हैं। इस शो से उन्हें इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिली है। मनीषा रानी ने हाल ही में अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कई सारी बातें पर से पर्दा उठाया। इसी के साथ ही मनीषा ने बताया कि वो कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी हैं और वो भी बिग बॉस के नाम पर। मनीषा ने कहा, 'एक बार वो एक शख्स से मिली थी जिसने उन्हें बताया था कि वो बिग बॉस की टीम का है। 'मैं एक बार जब 4-5 दिनों के लिए अपने घर बिहार गई थी। उसी टाइम उसने मुझे फोन किया और बोला कि तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसकी बात सुनने के बाद मैं तुरंत टिकट करा कर मुंबई आई की मेरा तो बिग बॉस होने वाला हे। एक बार जब उसने मुझे रात को तीन बजे कॉल किया और बोला कि मेरे घर आ जाओ। तो हमने उसको बोला कि हम घर तो नहीं आएंगे। इसके बाद वो मेरे पर चिल्लाने लगा। ये सब देखकर में बहुत रोई थी।'

## शादी के 3 दिन पहले ही ससुराल जाने से घबराईं आरती...



**मुंबई।** गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। आरती की शादी को लेकर इस वक्त घर में खुशियों का माहौल है। हाल ही में आरती की ब्राइडल शावर पार्टी ने हर किसी का ध्यान खींचा। इस पार्टी में आरती के साथ उनकी भाभी कश्मीरा शाह और भाई कृष्णा के अलावा इंडस्ट्री के कई फेमस चेहरे भी नजर आए। इसी बीच आरती ने एक तस्वीर शेयर कर खुद के नर्वस होने की बात कही है। आरती ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक अपनी एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में मायका एक्ट्रेस नो मेकअप में नजर आ रही हैं और उनकी आंखों नम दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आरती ने कैप्शन में लिखा- 'नई शुरुआत। घबराई हुई और भावुक हूं।' इसके साथ आरती ने नजरबट्टू और हार्ट इमोजी भी शेयर की है।

# 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' का नया टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन अभिनय करते नजर आएंगे। इसका निर्देशन शॉन लेवी ने किया है। वहीं, शॉन लेवी, रेनॉल्ड्स और केविन फाइगी ने फिल्म का निर्माण किया है। 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल का किरदार निभा रहे हैं। डेडपूल को लोग इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उसके डायलॉग सुनकर मजा आ जाता है। वहीं, ह्यू जैकमैन वुलवरिन की भूमिका में नजर आएंगे। फैंस इन दोनों ही सुपरहीरो को देखने के लिए बेताब है। उनके लिए 26 जुलाई तक का इंतजार करना काफी मुश्किल है। बता दें कि 'डेडपूल' का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था।




# पाक एक्ट्रेस हानिया को डेट कर रहे बादशाह



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। वहीं सिंगर इन दिनों लगातार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते काफी समय से बादशाह का नाम पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ जोड़ा जा रहा है। वह एक्ट्रेस कोई और नहीं पाकिस्तानी की मशहूर अभिनेत्री हानिया आमिर हैं। हाल ही में दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है। हानिया ने बादशाह के साथ टाइम स्पेंड करने वाले मोमेंट भी शेयर किए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिसके बादशाह उनके लिए गाना गाते और दोनों एक दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बादशाह के साथ फोटो शेयर की हैं। उन्होंने लोकेशन में दुबई और कैप्शन में लिखा, 'चंडीगढ़ से रेस्क्यू आया।' इस पोस्ट को बादशाह ने भी इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर किया है।

## काजल पुलिसवाली बनकर करेंगी एनकाउंटर

**मुंबई।** सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी लंबे समय के बाद चर्चा में आ गई हैं। वह एक बेटे को जन्म देने के बाद काम पर लौटी हैं। काजल अग्रवाल को मैटरनिटी ब्रेक के बाद पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह 'इंडियन 2' के अलावा फिल्म 'सत्यभामा' को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। काजल अग्रवाल के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह 'सत्यभामा' से धमाकेदार वापसी करेंगी।



# लेटेस्ट लुक ने मचाया तहलका



**मुंबई।** बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से की थी। इस फिल्म के बाद से कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपने हर अवतार से वह फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में तारा सुतारिया का लेटेस्ट लुक सामने आया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक हैरान करने वाली फोटो शेयर की है। इस फोटो में एक्ट्रेस अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। ना सिर्फ उनकी ये फोटो वायरल हो रही है, बल्कि फैंस ने उनकी तुलना सीधी चांद से कर दी है।

# शादियों में ही नहीं, मौत पर जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं बॉलीवुड स्टार्स

## अनुज साहनी ने बॉलीवुड के डार्क सीक्रेट के बारे में बात की

**मुंबई।** पूर्व बॉलीवुड अभिनेता और स्विस मिलिट्री वर्ल्डवाइड के एमडी अनुज साहनी ने मानव सुबोध के साथ मिलकर बिग स्मॉल टॉक नाओ शो में बॉलीवुड इंडस्ट्री के डार्क सीक्रेट का खुलासा किया है। उन्होंने जो बताया है उसपर यकीन करना काफी मुश्किल है। उनका कहना है कि बॉलीवुड के सितारे केवल पार्टियों, कॉन्सर्ट या शादियों में परफॉर्म करने के ही पैसे नहीं लेते, बल्कि वह अंतिम संस्कार में जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं।

बॉलीवुड सितारे जहां पहुंचे वहां मीडिया खुद ब खुद पहुंच जाती है। फैंस स्टार्स को फिल्मों के अलावा जैसे पार्टियों में, बड़े-बड़े बिजनेसमैन की शादियों में, कॉन्सर्ट आदि में भी देखते हैं। इसके साथ ही अगर कोई मर जाता है तो उनके अंतिम संस्कार या प्रेयर मीट पर भी बॉलीवुड स्टार्स पहुंचते हैं। इसे लेकर अनुज साहनी ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है सितारे इसके लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं।



### वीडियो इंटरनेट पर वायरल

इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल भी हो रहा है। जिसमें अनुज कह रहे हैं,"पता ये लगा कि एक जो बड़े स्टार्स होते हैं उनकी एक इनकम शादियों से होती है। वो शादियों में जाते हैं और डांस करते हैं। एक इनकी इनकम होती है अंतिम संस्कार और तेरहवीं में जाने पर। इस बारे में लोगों को पता ही नहीं होता।"

### शादियों में डांस का चार्ज 3 करोड़

सलमान खान, शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स को अंबानी की पार्टी में परफॉर्म करते हुए देखा जाता है। हालांकि अंबानी के प्रोग्राम में ये स्टार्स फ्री में परफॉर्म करते हैं, लेकिन पार्टियों या बड़ी शादियों में परफॉर्म करने के लिए अच्छी खासी फीस चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान इस तरह के इवेंट्स के लिए 3 करोड़ लेते हैं। दीपिका पादुकोण इवेंट्स में परफॉर्म करने के 1.5 करोड़ चार्ज करती हैं और रणवीर सिंह 1.75 करोड़ लेते हैं। रणबीर कपूर की फीस 1.5 करोड़ है और आलिया भट्ट भी इतना ही चार्ज करती हैं। वरुण धवन 1 करोड़, कटरीना कैफ 50 लाख, सिद्धार्थ मल्होत्रा 50 लाख लेते हैं। वहीं बात अगर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ की करें तो वह 3 लाख रुपये एक परफॉर्मेंस के लेते हैं।

# होम वोटिंग कराने वाले मतदान दल माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

आगामी लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं निर्वाचन प्रशिक्षण के सहायक नोडल अधिकारी संजय श्रीवास्तव मंडल संयोजक के मार्गदर्शन में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग कराने वाले मतदान दल एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।

- होम वोटिंग कराने वाले मतदान दल एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण
- दिव्यांग और 85 प्लस वृद्धजन मतदाता घर पर ही कर सकेंगे मतदान

इसमें जिला स्तरीय मास्टर संजीव कुमार प्राचार्य द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को एवं दिव्यांग मतदाता जिनमें 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं, उन्हें डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग कराया जाना है, इसके लिए उन मतदाताओं से होम वोटिंग के लिए सहमति पत्र फार्म 12 डी प्राप्त कर निर्वाचकों की सूची अनुलग्नक 1 तैयार की गई है, ऐसे अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान दल द्वारा उनके घर में जाकर मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाना है। अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए तारीख एवं समय की जानकारी एसएमएस के माध्यम से या बीएलओ के माध्यम से दी जाएगी, इसके लिए 1 मई को मतदान दल द्वारा होम वोटिंग कराया जाना है।



बैठक लेते अधिकारी।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर संजीव कुमार द्वारा बताया गया कि इसके लिए जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 13 रूट अनुसार मतदान दल का गठन किया गया है। प्रत्येक मतदान दल में 2 मतदान अधिकारी, 1 माईक्रो ऑब्जर्वर 1 वीडियोग्राफर, 1 सुरक्षा कर्मी मिलाकर कुल 5 अधिकारी-कर्मचारी होंगे,जो निर्धारित तिथि 1 एवं 2 मई को अनुपस्थित श्रेणी मतदाता के घर में जाकर मत की गोपनीयता बनाए रखते हुए मतपत्र के माध्यम मतदान कराएंगे। मतदान दलों को विस्तारपूर्वक मतदान प्रक्रिया के बारे में मतपत्र जारी करना, मतपत्र पर मतांकन प्रक्रिया, निर्वाचन की घोषणा प्रारूप 13 क, मतपत्र को रखने के लिए छोटा लिफाफा प्रारूप 13 ख, बड़ा लिफाफा प्रारूप 13 ग के बारे में विस्तार से बताया गया। निर्वाचक की घोषणा प्रारूप 13 क को भरने एवं मतदान अधिकारी द्वारा निर्वाचक के हस्ताक्षर को अभिप्रमाणन करने की विधि को बताया गया। प्रशिक्षण में मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री, मतांकन प्रक्रिया, मतदान पश्चात मतदान सामग्री एवं बैलेट बॉक्स को जमा करने की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। इस दौरान जिले के सहायक रिटर्निंग अधिकारी लिंगराज सिदार, तहसीलदार शशि शेखर मिश्रा सहित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश का अधिक्वता संघ ने किया स्वागत

**राजपुर।** अधिवक्ता संघ द्वारा व्यवहार न्यायालय के नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश आलोक पांडेय के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल कहा कि अधिवक्ता न्यायालय के धुरी के समान है जिनके बगैर न्याय दान की कल्पना नहीं की जा सकती। राजपुर न्यायालय में उच्च न्यायालय ने पांचवें न्यायाधीश के रूप में आलोक पांडेय की पदस्थापना की है। आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों के लिए न्याय दान की प्रक्रिया में और तेजी आएगी। न्यायाधीश श्री पांडेय कहा कि सबके सहयोग से मामलों के निपटारे में तेजी लाने के साथ-साथ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान रहेगा। इस स्तर पर काम करने में तमाम विषमताओं के साथ काम करना पड़ता है इन सबसे ऊपर उठकर संघ के अधिवक्ताओं के सहयोग से बेहतर कार्य करने की पूरी कोशिश होगी। कार्यक्रम को संघ के अधिवक्ता उमेश झा, अशोक बेक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव सुनील सिंह ने किया। इस दौरान अधिवक्ता विपिन जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, संजय पांडेय, शंकर अग्रवाल, सुनील चौबे, वीरेंद्र जायसवाल व अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

## रेल डिब्बे में कोयला लोड करते पलटा बुलडोजर चपेट में आने से ट्राला वाहन क्षतिग्रस्त



**सलका/अघिना।** कोयला खदान में रेल डिब्बे में बुलडोजर से कोयला लोड करते समय बुलडोजर पलट गई। इस दौरान कोयला लोड ट्राला बुलडोजर की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। हैरानी की बात यह है रेल डिब्बे में कोयला लोड करने के दौरान कोयला लोड ट्राला को खाली करने की अनुमति नहीं है। आज दोपहर में साइडिंग में रेलवे रैक को लोड करते वक्त एक बुलडोजर पलट गई जिससे कोयला लोड ट्राला चपेट में आने से ट्राला की इंजन क्षतिग्रस्त हो गई। सूत्रों के अनुसार रेलवे रैक में जब लोडिंग का कार्य बुलडोजर से जारी होता है तो ट्रांसपोर्ट की कोई भी गाड़िया लोड लेकर उसके लोडिंग एरिया में जा नहीं सकती।

## कार की टक्कर से युवक घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** टाटा मैजिक वाहन खड़ा कर सड़क पार कर रहे युवक को कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुए युवक ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम आदर्श नगर निवासी अजीत पोददार आ. स्व. उमेश प्रसाद पोददार अपनी टाटा मैजिक वाहन में सामान ढोने का काम करता है। 14 अप्रैल की शाम शहर से काम कर वापस घर जा रहा था।

# फुटबाल, रंगोली स्पर्धा का आयोजन


आयोजित रंगोली प्रतियोगिता।

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान विभिन्न माध्यमों से जिले के नागरिकों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में मंगलवार को जनपद पंचायत खड़गवां में सीईओ विनोद जायसवाल के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के द्वारा लोकतंत्र को सशक्त बनाए जाने और 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान कराए जाने संबंधी मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता फुटबाल प्रतियोगिता एवं रंगोली का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत के ग्रामवासी काफी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए और 7 मई को अपने-अपने ग्राम पंचायतों में मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत वोटिंग करने एवं कराने का संकल्प लिया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता के लिए लोगों ने फुटबाल प्रतियोगिता में बढ-चढ़कर भाग लिया और खेल प्रतियोगिता देखने वाली भीड़ को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में बीपीएम रामकुमार लकड़ा के द्वारा महिला

# बस का इंतजार कर रही महिला को वाहन ने मारी टक्कर, मां की मौत, भतीजी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिखी स्थित नुनेरा मोड़ पर बस का इंतजार कर रही मां बेटी को तेज रफ्तार ईको वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटनाकारी वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं।

ग्राम जुड़वानी नवापार निवासी सुखमनिया पति सुखदेव (34वर्ष) कुछ दिनों पूर्व अपनी भतीजी उषा पिता कुंभ प्रसाद (18वर्ष) के साथ अपने रिश्तेदार के घर ग्राम नमना व नुनेरा गई थी तथा सोमवार को अपने घर वापस लौटने ग्राम रिखी स्थित नुनेरा मोड़ पर सड़क किनारे पीपल पेड़ की छाया में खड़े होकर बस पहुंचने का इंतजार कर रही थी। इस दौरान ग्राम रिखी से नुनेरा जा रहे तेज रफ्तार ईको वाहन क्रमांक सीजी 15 डीए 5760 के चालक ने लापरवाही पूर्वक विपरीत दिशा से आकर सड़क किनारे खड़ी सुखमनिया को अपनी चपेट में लेने के साथ ही उषा को टक्कर मार पीपल पेड़ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुखमनिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना में वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई है तथा उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है। तेज रफ्तार वाहन को पलटते देख आसपास में उपस्थित लोग घटनास्थल पर पहुंच गए तथा चालक को वाहन



से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। किसी ने भी सड़क किनारे तड़पती उषा व मृत सुखमनिया पर ध्यान नहीं दिया। सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची तथा सड़क किनारे पड़ी महिला व बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाई जहां चिकित्सकों ने सुखमनिया को मृत घोषित कर दिया तथा घायल उषा का उपचार प्रारम्भ किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया।

### ट्रैक्टर से शव ले गए परिजन

दुर्घटना में सुखमनिया की मौत होने की सूचना पर मृतिका के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पीएम उपरांत परिजन एक घंटे तक अस्पताल का शव वाहन पहुंचने का इंतजार करते रहे। लम्बे इंतजार के बाद शव वाहन नहीं पहुंचा तो परिजन थक हारकर ट्रैक्टर से महिला का शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है कि मृतिका का पति नशेड़ी है तथा लम्बे समय से गांव में ही अन्यत्र रहता है तथा कभी घर नहीं आता। सुखमनियां की तीन बेटियां हैं।

# शाउमा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर 1008 भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सन्मति महिला मंडल चिरमिरी एवं आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला चिरमिरी के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हल्दीबाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों व जैन धर्म का प्रचार-प्रसार करना था। कार्यक्रम में चिरमिरी के विभिन्न स्कूलों से आए हुए छात्र-छात्राओं ने शाकाहार, नशा मुक्ति, भ्रूण हत्या, इंटरनेट का बढ़ता प्रकोप, पर्यावरण संरक्षण और जीव दया के विषय पर


कार्यक्रम में शामिल लोग।

अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। चिरमिरी के प्रायः सभी स्कूल के और कॉलेजों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ 1008 भगवान महावीर भगवान और आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, प्रोफेसर भगवत प्रसाद दुबे एवं जैन समाज के वरिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल सिंह, बाबा बघेल एवं सुनील मानिकपुरी उपस्थित रहे। चिरमिरी के सभी विद्यालयों एवं कॉलेज के बीच एकल और सामूहिक प्रतियोगिता रखी गई थी। एकल में प्रथम स्थान डीएवी स्कूल चिरमिरी, द्वितीय स्थान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मंच एवं तृतीय स्थान स्वामी आत्मानंद स्कूल गोदरीपारा ने प्राप्त किया। वहीं समूह में प्रथम स्थान आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों ने प्राप्त किया। जिन्होंने जीव दया के ऊपर विशेष नृत्य और नाटक की प्रस्तुति दी। द्वितीय स्थान डीएवी स्कूल चिरमिरी जिन्होंने इंटरनेट के बढ़ते प्रकोप पर एक नृत्य नाटक किया था। तृतीय स्थान केबी पटेल कॉलेज ने हासिल की। जिन्होंने नशा मुक्ति का संदेश अपने नित्य नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया।

**न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

क्रमांक /7009/वाचक-1/2024
मनेन्द्रगढ़, दिनांक 22/04/2024
**//ईश्तहार//**
रा.प्र.क्रं./202404330100003/
अ-21/2023-24

मो. आसिफ प्रति नीतू श्रीवास्तव एवं अन्य
निवासी चैनपुर

सर्व साधारण शहरी जनता ग्राम चैनपुर रा.नि.मं. मनेन्द्रगढ़ तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है न्यायालय कलेक्टर मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के रा.प्र.क्र. 202404330100003/अ-21/2023-24 आवेदक मो. आसिफ आ. अब्दुल कयूयम, निवासी स्टेट बैंक रोड मनेन्द्रगढ़ द्वारा मुख्तारआम मो. दानिश आ. अब्दुल कयूयम द्वारा ग्राम चैनपुर स्थित भूमि खसरा नं. 253/10 रकबा 0.049 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि में से रकबा 0.0204 हे. भूमि को अनावेदक नीतू श्रीवास्तव पति सुशील श्रीवास्तव, निवासी चिरमिरी तथा रकबा 0.0111 हे. भूमि शिवमुनी यादव आ. बाबूलाल यादव निवासी झगराखाण्ड रोड के पक्ष में विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी रा. मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से जॉच प्रतिवेदन दिये जाने हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त भूमि बिक्री के संबंध में यदि कोई भी जनता अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो दिनांक 10/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/04/2024 को न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार, मनेन्द्रगढ़,**
**जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

# युवकों ने की बैल की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

पालतू बैल की हत्या के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि ग्राम बेलगांव गोहड़ीपारा निवासी 29 वर्षीय दुर्गा प्रसाद यादव का पालतू बैल अचानक गायब हो गया।

दुर्गा यादव अपने बैल की तलाश में निकला था इस दौरान जब वह प्राइमरी स्कूल बेलगांव के पीछे पहुंचा तो अंधेरे में बेलगांव चियापारा निवासी दिनेश एक्का अपने साथियों के साथ उसके बैल की क्रूरतापूर्वक हत्या कर रहा था। बैल की हत्या करता देख युवक डर गया और भागते हुए गांव आकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दिनेश अपने साथियों के साथ मांस का बटवारा कर रहा था व लोगों के पहुंचते ही आरोपी भाग निकले। ऐसे में उन्होंने तत्काल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके से बैल के अवशेष बरामद किए। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश भड़क उठा। मवेशी मालिक ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले में धारा 429 समेत छत्तीसगढ़ पशु परीक्षण अधिनियम की धारा 4,5,10 के तहत अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी दिनेश एक्का को गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही अन्य आरोपी की तलश जारी है। इससंबंध में थाना प्रभारी भरतलाल साहू ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य की तलाश जारी है।

## पेज 1 का शेष

### राम दूत अतुलित...

श्री हनुमान जी का महाआरती की गई और फिर प्रसाद श्रद्धालुओं में बॉटी गई। इसके बाद मंदिर प्रांगण में ही भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाता रहा ,जिसका प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोग दोपहर बाद तक जुटते रहे। इसी तरह प्रेमाबाग स्थित हनुमान मंदिर, ग्राम नगर, जलियाडांड़, विशुनपुर सहित जिले के कई स्थानों पर स्थापित श्री हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर कई मंदिरों में भंडारा कार्यक्रम भी चलाए गए, जिसके कारण सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में जुटी रही। **हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभा यात्रा का भाजपा ने किया स्वागत**-पटना में हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान सेवा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी शोभा यात्रा निकाली गई। मंगलवार को काफी संख्या में हनुमान भक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी मंडल पटना के अध्यक्ष कपिल जायसवाल के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। साथ ही फूल बरसा कर एवं ठंडा पानी फ्रूटी पिलाकर अभिवादन किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविशंकर शर्मा, जिला महामंत्री विनोद साहू, मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल, श्रीराम राजवाडे, रितेश सिंह, शंकर सोनी, प्रवेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, भंवरलाल, अमित जायसवाल, गणेश यादव, ममता कुशवाहा, बबीता ग्वाले सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कोरबा संसदीय ...

की बात करें तो बैकुंठपुर विकासखंड़ में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 85 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 572 है। इसी तरह सोनहत आंशिक विकासखंड़ में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 230 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 321 है। इस तरह 2 लाख 7 हजार 215 मतदाता स्वस्थ लोकतंत्र के सहभागी होंगे। **कोरबा संसदीय सीट में 8 विधानसभा हैं शामिल**-कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा शामिल हैं। कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली तानाखार, कोरिया जिले के बैकुंठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के मरवाही विधानसभा सीट है।

### पेड़ की छांव ...

केन्द्र और राज्य सरकार की गिनाएइं उपलब्धि- विधायक द्वारा अपने दौरे में केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है और उन योजनाओं का फीडबैक भी लिया जा रहा है। उपलब्धि का बखान करते हुए विधायक श्रीमती सिंह द्वारा डबल इंजन की सरकार बनी रहे, इसके लिए आगामी चुनाव में फिर से समर्थन देने का आह्वान लोगों से किया जा रहा है।

